बरेली, सोमवार
3 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO, II, TOP

# कैंसर की रोकथाम के लिए समय से स्क्रीनिंग कराना जरूरी

जासं, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को बायोकेमिस्ट्री व ऑंकोलाजी विभाग की ओर से सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) आयोजित हुई। इसमें विशेषज्ञों ने कैंसर की रोकथाम के लिए जांच को जरूरी बताया। कैंसर के इलाज में नेचुरोपैथी, कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों में फाइटोकेमिकल्स, माइक्रोन्यूट्रिएंट, डिटाक्सिफिकेशन, सेल्युलर मेटाबोलिज्म और एंटीआक्सिडेंट मैकेनिज्म की भूमिका पर व्याख्यान दिए गए।

आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट व शोध संस्थान के सहयोग से आयोजित सीएमई में क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च की भूमिका पर चर्चा हुई। नई दिल्ली स्थित मौलाना आजाद मेडिकल कालेज में बायोकेमिस्ट्री के एचओडी डा. लालचंद ने श्लोक का अर्थ बताया कि न तो मुझे राज्य की कामना है और न ही स्वर्ग चाहिए, न ही पुनर्जन्म चाहिए। मुझे दुख में जलते हुए प्राणियों की पीड़ा का नाश करने की शक्ति चाहिए। यही भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र है। ट्रस्ट संस्थापक देव मूर्ति ने कहा कि बीमारी के इलाज के साथ ही रोकथाम भी जरूरी है। जांच आवश्यक है। आयोजन सचिव डा. मनोज गुप्ता ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे कैंसर की रोकथाम समय से इसकी स्क्रीनिंग से ही संभव है। डा. तौकीर अहमद ने आभार जताया। संचालन अनीता बिष्ट ने किया। इस दौरान प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, एम्स भोपाल के डा. सुखेश मुखर्जी, केजीएमयू की डा. कल्पना सिंह आदि मौजूद रहे।



अतिथि को सम्मानित करते ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति • सौ. संस्थान